राज्यपाल सचिवालय
जन सम्पर्क प्रकोष्ठ

राज्यपाल दशहरा मेले में गये

समाज के लिए अभिशाप और पाप की लम्बाई ना बढ़ायें

– राज्यपाल

जयपुर, 08 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि समाज के लिए अभिशाप और पाप की लम्बाई ना बढ़ायें। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोग मिलकर आगे बढेंगे तो नये भारत का विकास तीव्रता से होगा।

राज्यपाल श्री मिश्र मंगलवार को यहां आदर्श नगर स्थित दशहरा मैदान में आयोजित दशहरा मेला महोत्सव और रावण दहन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री मिश्र ने कहा कि त्यौहारों का विशेष महत्व होता है। लोगों में सामाजिक समरसता, सामयिक भावना और सकारात्मक सोच इन पर्वों से बढ़ती है। राज्यपाल ने कहा कि लोग आत्मबल और आत्मनुशासन से समाज में व्याप्त बुराइयों का विनाश कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि इस अवसर पर वे राज्य, राष्ट्र और समस्त मानव जाति के कल्याण की कामना करते हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र आदर्श नगर स्थित राम मंदिर भी गये। वहां पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने इस अवसर पर हुई आतिशबाजी और रावण दहन को देखा। इस अवसर पर सांसद श्री रामचरण बोहरा, विधायक श्री कालीचरण सर्राफ व श्री रफीक खान, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री वैभव गहलोत सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण और भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

– – –

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल